वर्ष 22 अंक 297
पृष्ठ 20
बरेली

नगर संस्करण
मूल्य ₹ 2.50

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

पाक ने रिश्वत लेकर उत्तर कोरिया को बेची परमाणु बम तकनीक : खान 20 एशियाई एथलेटिक्स में मयूखा ने दिलाया पहला स्वर्ण 18

20/05/2012

शोध के क्षेत्र में भी है कैरियर के अवसर

विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

बरेली, जागरण संवाददाता: शोध के क्षेत्र में भी छात्रों के लिए कैरियर के सामान और अच्छे अवसर है। केवल उन्हें लगन और मेहनत की जरूरत है। इसलिए अपनी इच्छानुसार कैरियर का चुनाव करना चाहिए। यह कार्यक्रम उनका भविष्य की तरफ एक कदम है। इसके बाद का मीलों लंबा सफर उन्हें स्वयं तय करना है। यह विचार एसआरएमएस में चल रही इंसपायर इंटर्नशिप-2012 सेमिनार में दिल्ली से आए वैज्ञानिक डॉ.उमेश कुमार शर्मा ने समापन समारोह में व्यक्त किए।

फोरेंसिक साइंस यूनिट, एसजीटीबी खालसा कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रो.जीएस सोढ़ी ने छात्रों को फिंगर प्रिंट की विभिन्न तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया।

दोपहर को समापन समारोह में मुख्य अतिथि डायरेक्टर आइवीआरआइ डॉ.एमसी शर्मा, संस्था चेयरमेन देवमूर्ति का स्वागत डीन एकेडेमिक्स प्रो.प्रभाकर गुप्ता ने किया। डॉ.एमसी शर्मा, चेयरमेन देवमूर्ति ने कहा कि छात्रों में कुछ नया करने का उत्साह और जुनून होना चाहिए। संचालन सीईटी की असिस्टेंट प्रो.साक्षी पांडे तथा सचिन अग्रवाल और रतीश अग्रवाल ने धन्यवाद दिया। ट्रस्ट सेक्रेटी आदित्य मूर्ति, रिचा मूर्ति, डीजी प्रो. एसपी गुप्ता, प्रो.जेएन साहू, ट्रस्ट प्रशासक प्रो.सुभाष मेहरा, प्रो.टीडी विष्ट आदि मौजूद रहे।